130

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

समक्ष :
एम0के0 सिंह
सदस्य

प्रकरण क्रमांक निगरानी 185-एक/16 विरूद्ध आदेश दिनांक 30-11-15 पारित द्वारा कलेक्टर, जिला जबलपुर प्रकरण कमांक 440/अ-21/2013-14.

उजयार सिंह उर्फ वीरेन्द्र सिंह गौंड वल्द लटटूसिंह
निवासी नीमी तहसील पाटन
जिला जबलपुर ---- आवेदक

विरूद्ध

1- म0प्र0 शासन द्वारा कलेक्टर, जबलपुर

2- श्री रमेश प्रसाद साहू पिता स्व. श्री परमूलाल साहू
निवासी वार्ड नंबर 6 कटरा मुहल्ला पाटन
तहसील पाटन जिला जबलपुर

3- श्री मनमोहन सिंह परिहार पिता सत्यप्रकाश सिंह परिहार
निवासी सिविल लाइन पाटन
जिला जबलपुर ---- अनावेदकगण

श्री धर्मेन्द्र चतुवेदी, अधिवक्ता, आवेदक.
श्री राजीव गौतिम, अधिवक्ता, अनावेदक कमांक - 1.

आदेश

(आज दिनांक 28 - 1 - 2016 को पारित)

यह निगरानी कलेक्टर, जबलपुर द्वारा प्रकरण कमांक 440/अ-21/2013-14

में पारित आदेश दिनांक 30-11-15 के विरूद्ध म0प्र0 भू-राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है ।

2- प्रकरण का सारॉंश संक्षेप में इस प्रकार हैं कि आवेदक द्वारा अधीनस्थ न्यायालय में अपने स्वामित्व की ग्राम नटवारा प.ह.नं. 34 रा.निमं. शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि ख. नं. 444/2, 613 रकबा क्रमशः 0.840, 0.400 हैक्टर कुल रकबा 1.240 हैक्टर के विक्रय की अनुमति देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया । कलेक्टर ने उक्त आवेदन अनुविभागीय अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन हेतु भेजा । अनुविभागीय अधिकारी ने प्रकरण तहसीलदार को जांच कर प्रतिवेदन हेतु भेजा गया । तहसीलदार ने जांच कर एवं उभयपक्षों के कथन लेकर अपना प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी को भेजा जिसे अनुविभागीय अधिकारी ने अधीनस्थ न्यायालय को प्रेषित किया । प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत अधीनस्थ न्यायालय ने आलोच्य आदेश द्वारा आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रश्नाधीन भूमि के विक्रय का आवेदन निरस्त किया । जिसके विरूद्ध यह निगरानी इस न्यायालय में पेश की गई है ।

3/ आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के तर्क श्रवण किये गये । उनके द्वारा निगरानी मेमो में दिए गए तर्कों को दोहराते हुए अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को निरस्त कर प्रश्नाधीन भूमि के विक्रय की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया गया है ।

4/ अनावेदक की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को उचित बताया गया । उनके द्वारा यह भी कहा गया कि आवेदक द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के अभिलेख की आदेश पत्रिकाओं एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतियां पेश की गई हैं इस कारण इस निगरानी का निराकरण इसी स्तर पर करते हुए उसे निरस्त किया जाये ।

5/ उभयपक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं के तर्कों पर विचार किया एवं उनके द्वारा प्रस्तुत अधीनस्थ न्यायालय के अभिलेख की आदेश पत्रिकाओं एवं अन्य दस्तावेजों का परिशीलन किया । यह प्रकरण आवेदक द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत भूमि विक्रय के आवेदन पर प्रारंभ हुआ है । जिसमें आवेदक द्वारा ग्राम नटवारा प.ह.नं. 34 रा. निमं. शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि ख. नं. 444/2 आदिम जनजाति के सदस्य श्री रमेश प्रसाद साहू को तथा सर्वे नंबर 613 रकबा 0.400

हैक्टर भूमि श्री इन्द्रकुमार पिता श्री रामदास कुर्मी को विक्रय की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है । उक्त आवेदन कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन हेतु भेजा गया । अनुविभागीय अधिकारी ने उक्त आवेदन तहसीलदार को जांच हेतु भेजा गया । जिस पर से तहसीलदार द्वारा विधिवत कार्यवाही की जाकर इश्तहार जारी करने एवं पटवारी का प्रतिवेदन आहूत किया गया । तहसीलदार द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान आवेदक द्वारा संशोधित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि इन्द्रकुमार पिता श्री रामदास कुर्मी की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से वह भूमि क्रय नहीं कर रहा है अतः उसके स्थान पर श्री मनमोहन सिंह परिहार पुत्र सत्य प्रकाश सिंह परिहार निवासी सिविल लाइन पाटन भूमि क्रय करने को तैयार है पर भी जांच की जाकर तथा पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त किया जाकर एवं उभयपक्ष के कथन लेने के उपरांत भूमि विक्रय की अनुशंसा का प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया है । प्रतिवेदनों में यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है आवेदक द्वारा विक्रय की जा रही भूमि शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि नहीं है बल्कि आवेदक द्वारा क्रय की गई है । कलेक्टर ने मुख्य रूप से आवेदक को इस आधार पर प्रस्तावित भूमि विक्रय की अनुमति देने से इंकार किया है कि प्रश्नाधीन भूमि पर आवेदक के नाम की प्रविष्टि 20-8-14 के आदेश द्वारा की गई है और और इसके तुरंत बाद ही दिनांक 4/9/14 को भूमि विक्रय किए जाने का अनुबंध किया जाकर दिनांक 12/9/14 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है, इस कारण अंतरण संदेहास्पद है और आवेदक के हितों के विरूद्ध है । कलेक्टर का उक्त निष्कर्ष न्यायिक एवं विधिसम्मत नहीं है क्योंकि संहिता में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि भूमि क्रय किये जाने अथवा अभिलेख में नाम दर्ज होने के तत्काल बाद उसका अंतरण नहीं किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा जो प्रतिवेदन पेश किया गया है उसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि था आवेदक को पर्याप्त प्रतिफल मिल रहा है और अंतरण में छल कपट नहीं हो रहा है तथा भूमि विक्रय से आवेदक के आर्थिक हितों पर कोई विपरीत नहीं पड़ेगा । दर्शित परिस्थिति में यह पाया जाता है कि इस प्रकरण में जिन आधारों पर कलेक्टर ने आवेदक को भूमि विक्रय

की अनुमति देने से इंकार किया हैं, वे आधार न्यायसंगत एवं औचित्यपूर्ण नहीं है इस कारण उनका आलोच्य आदेश स्थिर नहीं रखा जा सकता ।

उपरोक्त विवेचना के आधार पर कलेक्टर द्वारा पारित आदेश दिनांक 30-11-15 निरस्त किया जाता है एवं आवेदक को उसके भूमि स्वामित्व की ग्राम नटवारा प.ह.नं. 34 रा.निमं. शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि ख. नं. 444/2 रकबा 0.840 हैक्टर भूमि रमेश प्रसाद साहू पिता स्व. श्री परमूलाल साहू तथा भूमि खसरा नं. 613 रकबा 0.400 हैक्टर श्री मनमोहन सिंह परिहार पुत्र सत्य प्रकाश सिंह परिहार को विक्रय की अनुमति निम्न शर्तो के साथ प्रदान की जाती है ।

1- यदि प्रस्तावित क्रेता वर्तमान वर्ष 2015-16 की गाइड लाइन की दर से भूमि का मूल्य देने को तैयार हो ।

2- क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की राशि (पूर्व में अनुबंध के समय दी गई अग्रिम राशि को कम करके) आवेदक के खाते में जमा की जायेगी ।

4- भूमि के विक्रयपत्र का पंजीयन इस आदेश के दिनांक से 3 माह की समयावधि में निष्पादित कराना अनिवार्य होगा ।

निगरानी तद्नुसार निराकृत की जाती है ।

(एम0के0 सिंह)
सदस्य
राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश
ग्वालियर